प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 11.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना कोतवाली नगर में मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांकः- 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर महोबा में मौजूद रहकर क्षेत्र से आये हुए फरियादियों से सम्बन्धित समस्याओं की जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किये जाने हेतु मौके पर मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर टीम को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं ।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देखभाल क्षेत्र / गश्त व शान्ति व्यवस्था भ्रमण के दौरान माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत एन0बी0डब्ल्यू0 सम्बन्धित अ0स0 1029/13 धारा 447 भा0द0वि0 के वारण्टी अभियुक्त जयसिंह पुत्र हल्के निवासी ग्राम सगुनियामाफ थाना अजनर जनपद महोबा को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सगुनियामाफ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी थाना अजनर जनपद महोबा।
2. हे0का0 अरविन्द चौहान थाना अजनर जनपद महोबा।
3. ए0सी0सी0 चरन सिंह थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. जयसिंह पुत्र हल्के निवासी ग्राम सगुनियामाफ थाना अजनर जनपद महोबा।



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर अभियुक्त को बन्दूक व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी टीम व0उ0नि0 मलखान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखिबर की सूचना पर बंगला पहड़िया के पीछे बहद ग्राम कैथोरा थाना अजनर से आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर अभियुक्त बहादुर यादव पुत्र स्व0 अमर सिंह यादव उम्र करीब 56 वर्ष को 01 अदद अद्धी बन्दूक 12 बोर नाजायज मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु.अ.सं. 12/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में हत्या, लूट, गुण्डा एक्ट, अवैध शस्त्र इत्यादि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह 2.उ0नि0 सुरेश कुमार 3.उ0नि0 ऋषी शुक्ला
4. का0 धीरज कनौजिया 5.का0 प्रताप विक्रम सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

बहादुर यादव पुत्र स्व0 अमर सिंह यादव उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा

**बरामदगी –** 01 अदद अद्धी बन्दूक मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज।

**अभियुक्त बहादुर यादव पुत्र स्व0 अमर सिंह का पूर्व आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0स0 176/15 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा।
2. मु0अ0स0 323/14 धारा 110(G) सीआरपीसी0 थाना अजनर जनपद महोबा।
3. मु0अ0स0 393/05 धारा 307 भा0द0वि0 थाना अजनर जनपद महोबा।
4. मु0अ0स0 476/10 धारा 307/504/506 भा0द0वि0 थाना अजनर जनपद महोबा।
5. मु0अ0स0 913/13 धारा 307 भा0द0वि0 थाना अजनर जनपद महोबा।
6. मु0अ0स0 1006/11 धारा 3 यू0पी0 गुण्डा निवारक अधिनियम थाना अजनर जनपद महोबा।
7. मु0अ0स0 1249/11 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा।
8. मु0अ0स0 761/05 धारा 120B/302/394 थाना अजनर
9. मु0अ0स0 12/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा।

